ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

दिनांक– 17.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, शाहजहाँपुर के तत्वाधान में आज दिनांक 17.03.2021 को नगर निगम कार्यालय, शाहजहाँपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर/कैम्प का किया गया आयोजन।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा मोहल्ला वार्ड समिति के साथ नगर के मो0 खिरनीबाग वार्ड के इन्दिरा नगर कॉलोनी में डोर–टू–डोर कलेक्शन का किया गया निरीक्षण।
- नगर निगम शाहजहाँपुर एवं उच्च प्राथमिक विधालय दिलाजाक के सहयोग से आज दिनांक 17.03.2021 को नगर के उच्च प्राथमिक विधालय, दिलाजाक में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 एवं मिशन शक्ति के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का किया गया एक आयोजन।

- जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, शाहजहाँपुर के तत्वाधान में आज दिनांक 17.03.2021 को नगर निगम कार्यालय, शाहजहाँपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर/कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम में कार्यरत तृतीय श्रेणी, चतुर्थ श्रेणी, संविदा कर्मचारी एवं प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों के सम्बन्ध में उनके हक एवं अधिकारों को दृष्टिगत रखते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के श्री ओमपाल सिंह जी द्वारा कर्मचारियों के हित,अधिकारों तथा कर्मचारियों के हित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही अपील की गई कि 10 अप्रैल को होने वाले मेगा लोक अदालत में आकर प्रार्थना–पत्र के साथ अपनी समस्याओं को रख सकते है व साक्षरता शिविर में लोगो को जागरुक करते हुये अवगत कराया कि पीडित क्षति योजना के तहत यदि व्यक्ति की बात सही है तो पीडित व्यक्ति को 1 लाख से 5 लाख तक की आर्थिक मदद मिलती है जिसकी जानकारी आम–जनमानस को होनी चाहिये।इसके अतिरिक्त जज साहब द्वारा कर्मचारियों को बताया गया कि यदि आपकी समस्यायें नही सुनी जा रही है तो प्रापर प्लेटफार्म के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, शाहजहाँपुर में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। नगर निगम में कार्यरत तृतीय श्रेणी, चतुर्थ श्रेणी, संविदा कर्मचारी एवं प्रवासी श्रमिकों से अपील की गई कि पात्र कर्मचारीगण लेवर ऑफिस में अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें जिससे सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। इस मौके पर जज साहब द्वारा कर्मचारियों से अपील की गई कि अपने कार्यो के प्रति सजग रहे व अपने कार्यो के प्रति जिम्मेदारी रहे व बहन–बेटियों का सम्मान करने की अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहने व अपने अधिकारों को जानने व उनका सही उपयोग करने के बारे में बताया गया। श्रमायुक्त द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को सरकारी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता द्वारा सभी कर्मचारियों से अपने अधिकारों की लड़ाई स्वंय ही लड़ने की बात कही गई व सक्रिय बने रहने की अपील की गईं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर अधिकारियो से सीधे सवांद करें। विधिक साक्षरता शिविर में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ0पी0 गौतम,श्रमायुक्त, मुख्य अभियंता निर्माण श्री दिनेश चन्द्र सचान, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा मोहल्ला वार्ड समिति के के साथ नगर के मो0 खिरनीबाग वार्ड के इन्दिरा नगर कॉलोनी में डोर–टू–डोर कलेक्शन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा क्षेत्रवासियों से क्षेत्र में नियमित रुप से आने वाली डोर–टू–डोर कूडा कलेक्शन गाडी के बारे में जानकारी की गई, जिसमें लोगो द्वारा अवगत कराया गया कि कूडा गाडी नियमित रुप से मोहल्ले में आती है और सूखा व गीला कचरा अलग–अलग करके कूडा गाडी में डालते है। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि सूखा व गीला कचरा अलग–अलग ही कूडा गाडी में डाले। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार,मोहल्ला वार्ड समिति की टीम तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

3. नगर निगम शाहजहॉपुर एवं उच्च प्राथमिक विधालय दिलाजाक के सहयोग से आज दिनांक 17.03.2021 को नगर के उच्च प्राथमिक विधालय, दिलाजाक में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 एवं मिशन शक्ति के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती बुके देकर स्वागत किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण गोष्ठी में सहायक नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से स्वच्छता मे अपना सहयोग करने की अपील की गई व कचरा इधर–उधर न फेकने तथा कचरा कूड़दान में ही डालने की बात की कही गई। इसके साथ ही कचरे के सही निपटान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील की गई कि कचरे के ठोस प्रबन्धन हेतु अपने घर के कचरे को घर पर ही होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से निस्तारण करें। जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सकें। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर निगम शाहजहॉपुर को देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिये अधिक से अधिक सकात्मक वोटिंग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव द्वारा डोर–टू–डोर कचरा एकत्र करने वाले को समय पर ही सूखा एवं गीला कचरा अलग–अलग कर डाले जाने की अपील की गई। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त एवं स्वच्छता प्रभारी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम की ओर से सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा स्कूल के बच्चो को निशुल्क बैग वितरण किये गये। स्वच्छता गोष्ठी में स्कूल की प्रधानाचार्य श्री संजय डोनाल सिंह, पूर्णिमा रस्तोगी, सीमा सिंह, इमरान सईद खॉ, मो0 लतीफ खान, सुबोध वर्मा, आंचल महेन्द्ररू एवं आदि लोग उपस्थित रहे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।